राजस्व अपील प्राधिकारी, जयपुर

आम जनता किशनगढ़ रेनवाल बनाम दुर्गा देवी

तारीख हुक्म	430/2019 हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
12/02/2026	पत्रावली प्रस्तुत हुई। अधिवक्ता उभयपक्ष उपस्थित। अधिवक्ता अपीलार्थी ने अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत अस्थाई निषेधाज्ञा प्रार्थना पत्र सख्या 18/2019 की आदेशिकाऐ एवं उसमे पारित अन्तिम आदेश दिनांक 27/11/2024 की प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित अन्तरिम आदेश दिनांक 09/04/2019 के विरुद्ध प्रस्तुत यह अपील अब अधीनस्थ न्यायालय द्वारा मूल प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा का दिनांक 27/11/2024 को अन्तिम निस्तारण कर दिये जाने से अब सारहीन हो गयी है। अत: अपील अपीलार्थी सारहीन हो जाने से ख़ारिज फरमायी जावे। उद्धरित तथ्यों के परिपेक्ष्य में अपील पत्रावली का मय प्रस्तुत आदेशिकाऐ एवं आदेश दिनांक 27/11/2024 का अवलोकन किये जाने से उद्धरित तथ्य उचित प्रतीत होते है कि अन्तरिम आदेश के विरुद्ध प्रस्तुत यह अपील अब सारहीन हो गयी है। अत: अपील अपीलार्थी सारहीन हो जाने से ख़ारिज की जाती है। तदनुसार पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। राजस्व अपील प्राधिकारी जयपुर	